आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 27.09.2024 समय: 2.10 PM

समाचार

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

प्रदेश का चौथा क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन- रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आज सागर में आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने इसक शुभारम्भ किया. इसमें करीब 2500 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे है। इनमे 6 विदेश से आए हैं । 10 से ज्यादा राज्यो के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल हुए है। इस आयोजन से बुंदेलखंड अंचल के औद्योगिक विकास की गति मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन कॉन्क्लेव का प्रदेश में बड़े पैमाने पर असर दिख रहा है। अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आए हैं। यह कार्य लगातार जारी रहेगा। डॉ. यादव ने बताया कि सागर में डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए एक बड़ा प्रस्ताव मिला है। सागर के बाद क्रमश: रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल में रीजनल कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

आधार प्रतिबन्ध

सरकार ने नागरिकों की आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कुछ ऐसी वेबसाइट की पहचान की है जो नागरिकों की निजी पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में मामला दर्ज किया है। संबंधित वेबसाइट

के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

सरकार 100 दिन-किसान,बालाघाट

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। आदिवासी बाहुल्य बालाघाट जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी तेजी से विकसित हुआ है। बालाघाट में सड़क, बड़े पुल,ओवर ब्रिज,रेल कनेक्टविटी में काफी प्रगति देखने को मिली है। स्थानीय निवासी जितेन्द्र ने बताया कि बेरोजगारी दूर करने बड़े बड़े उद्योग धंधों का विस्तार किया जा रहा है।

मंकीपॉक्स जागरुकता

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्य और केंद्र-शासित प्रदेशों से कहा है कि वे मंकीपॉक्स बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाने वाली गतिविधियां आयोजित करें। एक परामर्श में मंत्रालय ने राज्यों से रणनीतिक निगरानी बनाये रखने का अनुरोध किया है। मंकीपॉक्स की जांच के लिए संचालित प्रयोगशालाओं की सूची भी दी गई है। मंत्रालय ने संदिग्ध और पुष्ट मामलों के लिए अस्पतालों में आइसोलेशन की सुविधा का भी प्रबंध करने को कहा है।

विश्व पर्यटन दिवस

आज विश्व पर्यटन दिवस है। लोगों को एक दूसरे से जोडे रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल 27 सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है- पर्यटन और शांति। आज प्रदेश के सभी संग्रहालयों एवं स्मारकों को दर्शकों को नि:शुल्क देखने का मौका मिल रहा है।

भारत-बांग्लादेश-श्रृंखला

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा और अंतिम क्रिकेट टैस्ट मैच कानपुर में खेला जा रहा है | लंच तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 80 रन बना लिए हैं। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया था। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में 280 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर एक-शून्य से बढत बना ली है ।

समाचार संक्षेप में....

1. गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय आज अपना 68वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह संगठन सेना को आपूर्ति किए जाने वाले अस्त्र -शस्त्रों, उपकरणों और अन्य सामान के लिए गुणवत्ता आश्वासन उपलब्ध कराता है।

2. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को नवीन बिजली कनेक्शन एवं कनेक्शन सम्बन्धी अन्य सेवाओं के लिए नेशनल लेवल पर "9वां पीएसयू आई टी अवार्ड" मिला है।

3. आगरमालवा नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आजीवन पॉलीथिन का उपयोग नही करने की शपथ ली ।

4. कटनी कलेक्टर ने विजयराघवगढ तहसील के हरदुवा कला के शहीद जवान प्रदीप पटेल के परिजनों को व्यक्तिगत आर्थिक सहायता के रूप मे एक करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कर दी है।

5. बैतूल में पुलिस ने दो आरोपियों को देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

नमस्कार